# महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज गंगापुर, वाराणसी

## रोवर्स/ रेंजर्स पांच दिवसीय शिविर

**( 13/10/2025 – 17/10/2025 )**

## आख्या

महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज गंगापुर, वाराणसी में दिनांक 13 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार से रोवर्स/ रेंजर्स पांच दिवसीय शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस शिविर का आयोजन रोवर्स प्रभारी डॉ० अभय कुमार शर्मा एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ० नीलम सिंह जी के निर्देशन में किया गया। इस शिविर में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्थान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से श्रीमती रितेशनी मिश्रा एवं श्री निलेश जायसवाल आए थे । शिविर से सम्बन्धित विगत पाँच दिनों की संपूर्ण आख्या तिथिवार अधोलिखित है-

**प्रथम दिवस की आख्या :**

दिनांक 13 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार को महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज गंगापुर, वाराणसी में रोवर्स /रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रवेश शिविर का उद्घाटन प्रातः 10:00 बजे गंगापुर परिसर में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के संस्थापक स्मृति शेष महाराज विभूति नारायण सिंह जी एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 मंजू मिश्रा, समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 आलोक कश्यप, डॉ0 अखिलानंद सिंह, श्री अंगद प्रसाद, रोवर्स प्रभारी डॉ0 अभय कुमार शर्मा, रेंजर्स प्रभारी डॉ0 नीलम सिंह, रोवर्स /रेंजर्स प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती रितेशनी मिश्रा एवं रोवर्स प्रशिक्षक श्री निलेश जायसवाल के द्वारा किया गया। इसके उपरांत मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट जनों को स्काउट स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट जनों के सम्मान के पश्चात प्रो0 आलोक कश्यप जी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रोवर्स/रेंजर्स को इस कार्यक्रम की महत्ता को बताया गया। इसके अंतर्गत आपने कहा कि यह कार्यक्रम शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ चलने वाले सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत आता है। इसके द्वारा विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में सहायता मिलती है। अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात रोवर्स/रेंजर्स जिला संस्थान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती रितेशनी मिश्रा जी ने अपने अभिभाषण में रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश शिविर की क्रियाविधियों से सभी प्रतिभागियों को परिचित कराया और आने वाले पाँच दिनों में वे किन-किन कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे, इसकी जानकारी प्रदान की। उद्घाटन सत्र के अंत में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 मंजू मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके उपरांत रोवर /रेंजर्स प्रवेश शिविर का प्रारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिन सभी प्रतिभागियों को रोवर्स /रेंजर्स प्रवेश शिविर के पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई । पाठ्यक्रम की जानकारी के उपरांत सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय ध्वज, भारत स्काउट गाइड ध्वज, विश्व स्काउट गाइड ध्वज के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही ध्वज को किस प्रकार

से फहराया जाता है, इसका प्रदर्शन के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम दिन के शिविर के समापन के समय सभी प्रतिभागियों को स्काउट एवं गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञाओं को बताया गया।

## द्वितीय दिवस की आख्या:

महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज में रोवर्स /रेंजर्स प्रवेश शिविर के द्वितीय दिन प्रातः 10:00 बजे रोवर्स को ध्वजारोहण की संपूर्ण प्रक्रिया से परिचिता कराया गया, तत्पश्चात उनके द्वारा ध्वजारोहण विधिवत संपन्न किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत रोवर्स / रेंजर्स को स्काउट के विभिन्न स्तरों एवं उसके आधार वाक्य से परिचित कराया गया। तत्पश्चात रोवर्स / रेंजर्स को उनकी वर्दी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों को मैदान में ले जाकर दाएं, बाएं एवं पीछे मुड़ने की प्रक्रिया, कदमताल एवं मार्च पास्ट करने का प्रशिक्षण दिया गया। अंत में रोवर्स को ध्वज उतारने की संपूर्ण प्रक्रिया से परिचित कराया गया एवं उनके द्वारा सम्मान के साथ ध्वज को पोल पर से उतारा गया और इसी के साथ ध्वज को दूसरी टोली को सम्मान के साथ कैसे हस्तानांतरित किया जाता है इस प्रक्रिया को बताया गया और रोवर्स टीम के द्वारा रेंजर्स टीम को सम्मान के साथ ध्वज का हस्तांतरण किया गया।

## तृतीय दिवस की आख्या:

महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज में चल रहे रोवर्स / रेंजर्स प्रवेश शिविर के तीसरे दिन का प्रारंभ प्रातः 10:00 बजे हुआ। सर्वप्रथम रेंजर्स को ध्वजारोहण की संपूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया। इसके पश्चात रेंजर्स की टीम के द्वारा विधिवत्त ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात रोवर्स / रेंजर्स प्रतिभागियों को स्काउटिंग का इतिहास, बायाँ हाथ मिलाने का इतिहास से परिचित कराया गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों को रस्सी में विभिन्न गांठ लगाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं अंत में लाठी, चादर की सहायता से टेंट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। दिवस के अन्त में रेंजर्स टीम के द्वारा सम्मान सहित ध्वज को पोल से उतार कर रोवर्स की टोली को हस्तानांतरित किया गया और आज के शिविर का समापन हुआ।

## चतुर्थ दिवस की आख्या:

महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज में चल रहे रोवर्स / रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रवेश शिविर के चौथे दिन का प्रारंभ प्रात्त 10:00 बजे रोवर्स की टीम के द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। ध्वजारोहण के उपरांत सभी रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षणार्थियों को अभी तक सिखाए गए स्काउटिंग से संबंधित ज्ञान एवं कौशलों का परीक्षण लिया गया। तत्पश्चात दोपहर 12:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के संस्थापक स्मृति शेष महाराज विभूति नारायण सिंह जी एवं माता सरस्वती जी की फोटो के सामने दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत मंचासीन इस कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह एवं हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो0 मंजु मिश्रा एवं समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं को स्काउट स्कार्फ पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों के सम्मान में रेंजर्स द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया। स्वागत गीत के उपरांत रोवर्स

एवं रेंजर्स द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अंत में प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह एवं प्रोफेसर मंजू मिश्रा द्वारा अपना उद्बोधन प्रतिभागियों के समक्ष दिया गया और सबसे अंत में रेंजर्स प्रभारी डॉ0 नीलम सिंह जी द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रोवर्स रेंजर्स प्रवेश शिविर के चतुर्थ दिवस के समापन की घोषणा की गई।

## पंचम दिवस की आख्या:

महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 कॉलेज में चल रहे रोवर्स/ रेंजर्स प्रवेश शिविर के पांचवें और अंतिम दिन का प्रारंभ प्रातः 9:00 बजे रेंजर्स की टीम के द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। ध्वजारोहण के उपरांत रोवर्स एवं रेंजर्स की सभी टोलियां अपने-अपने निर्धारित स्थान पर टेंट का निर्माण करने में लग गईं, साथ ही प्रत्येक टोली के कुछ सदस्य फूड प्लाजा की तैयारी करने में लग गए। सभी टोलियों द्वारा अपनी तैयारी पूर्ण कर लेने के उपरांत 11:00 बजे से मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्क्षा प्रो0 मंजु मिश्रा, समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 आलोक कुमार कश्यप एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के द्वारा प्रत्येक टोली द्वारा निर्मित किए गए टेंट एवं उनके फूड प्लाजा का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त 12:00 से रोवर्स/ रेंजर्स पांच दिवसीय प्रवेश शिविर के समापन सत्र का आरंभ हुआ। समापन सत्र का आरंभ महाविद्यालय के संस्थापक स्मृति शेष महाराज विभूति नारायण जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत रेंजर्स द्वारा सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत मंचासीन इस कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह एवं हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो0 मंजु मिश्रा एवं समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं को स्काउट स्कार्फ पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों के सम्मान में रेंजर्स द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया। स्वागत गीत के उपरांत अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह जी ने समस्त प्रतिभागियों को अभिप्रेरित करते हुए यह सन्देश दिया कि उन्हें स्काउटिंग में सिखाए गए प्रतिज्ञा, नियम एवं विभिन्न कौशलों का उपयोग अपने भावी जीवन में करना चाहिए जिससे इनका जीवन सुखमय एवं सफल होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन के उपरांत रेंजर्स टीम की नायिका के द्वारा पांच दिवसीय शिविर की संपूर्ण आख्या प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षकों एवं प्रो0 शैलेंद्र कुमार सिंह और प्रो0 मंजु मिश्रा जी के द्वारा रोवर्स एवं रेंजर्स को दीक्षा प्रदान की गई। अंत में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आए रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षकों को प्रो0 मंजु मिश्रा एवं प्रो0 आलोक कुमार कश्यप जी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। अन्त में रेंजर्स प्रभारी डॉ0 नीलम सिंह द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया और इसके साथ ही पांच दिवसीय प्रवेश शिविर का विधिवत समापन हुआ।


GPS Map Camera
Google
Varanasi, Uttar Pradesh, India
7vxc+p6v, Varanasi, Uttar Pradesh 221302, India
Lat 25.298025° Long 82.871175°
17/10/2025 02:17 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Varanasi, Uttar Pradesh, India
7vxc+p6v, Varanasi, Uttar Pradesh 221302, India
Lat 25.297967° Long 82.871136°
17/10/2025 01:11 PM GMT +05:30